## आपके शिशु की सुनने की क्षमता से जुड़े पड़ाव

सुनने की क्षमता की जांच (हियरिंग स्क्रीन) में, आपके शिशु द्वारा केवल जांच के समय दी गई प्रतिक्रियाओं को मापा जाता है। कभी-कभी शिशुओं की सुनने की क्षमता, बाद में किसी आयु मेंअस्थायी या स्थायी रूप से खो सकती है। अपने शिशु के बढ़ने के साथ-साथ उसकी सुनने की क्षमता पर नज़र रखना महत्वपूर्ण होता है। आयु के इन महत्वपूर्ण पड़ावों का उपयोग एक एक गाइड के तौर पर करें और अगर आप अनिश्चित हैं तो चिकित्सीय सलाह लें।

### जन्म से लेकर तीन महीने

- जब अचानक से कोई आवाज़ होती है तो चौंक जाता है या उछलता है।
- जब कोई ऊँची आवाज़ में बात करता है या शोर-शराबा करता है, तो हिलता है, नींद से उठ जाता है या रोने लगता है।
- आपके बोलने पर आपकी आवाज़ पहचानता है और शांत हो जाता है।

### तीन से छह महीने

- किसी रोचक आवाज़ की तरफ देखता है।
- आवाज़ों और अन्य ध्वनियों को सुनता हुआ प्रतीत होता है।
- आवाज़ होने पर आसानी से उठ जाता है।

### छह से बारह महीने

- हल्की आवाज़ें होने पर, आवाज़ की दिशा में सिर घुमाता है।
- "नो" और "बाय-बाय" शब्द समझता है।
- बोलने से संबंधित ध्वनियों की नकल करने की कोशिश करता है।

यदि आप जांच करवाने से चूक जाते/ती हैं, तो कृपया उस अस्पताल से संपर्क करें जहाँ उसका जन्म हुआ था।
जांच कार्यक्रम के बारे में और अधिक जानकारी के लिए, संपर्क करें: (08) 6456 0037

WA न्यूबोर्न हेयरिंग स्क्रीनिंग प्रोग्राम ई-मेल:
hearingscreening@health.wa.gov.au

जांच के लिए धनराशि स्वास्थ्य विभाग, वैस्टर्न ऑस्ट्रेलिया द्वारा उपलब्ध करवाई जाती है।



Government of Western Australia
Child and Adolescent Health Service

पर्थ चिल्ड्रन्स अस्पताल
15 Hospital Avenue, Nedlands WA 6009
टेलीफोन: (08) 6456 2222

अनुरोध करने पर इस दस्तावेज़ को, अक्षमता वाले किसी व्यक्ति के लिए, वैकल्पिक प्रारूपों (फॉर्मेट्स) में उपलब्ध कराया जा सकता है।

**निम्नांकित द्वारा तैयार किया गया:**
WA न्यूबोर्न हेयरिंग स्क्रीनिंग प्रोग्राम
**वेबसाइट:** www.cahs.health.wa.gov.au

© दिसम्बर 2013 CAHS 0808 Rev 2
संशोधित किया गया, जुलाई 2019

**अस्वीकरण:** यह प्रकाशन सामान्य शिक्षा और सूचना उद्देश्यों के लिए है। यदि किसी चिकित्सीय सलाह की आवश्यकता हो, तो योग्यता-प्राप्त स्वास्थ्य-देखरेख पेशेवर से संपर्क करें। © वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया राज्य, बाल एवं किशोर स्वास्थ्य सेवा

Perth Children's Hospital

# आपके नवजात शिशु के सुनने की क्षमता की जांच

WA न्यूबोर्न हेयरिंग स्क्रीनिंग प्रोग्राम



जीवन के पहले कुछ महीनों में, अपने शिशु के व्यवहार को देखकर यह बताना बहुत कठिन होता है कि वह सुन सकता है या नहीं। आपके शिशु को अपनी बोली (स्पीच) और भाषा का विकास करने के लिए, बोलने की सभी हल्की ध्वनियों को सुनने में सक्षम होने की ज़रूरत होती है। डब्ल्यूए में पैदा हुए सभी शिशुओं के लिए सुनने की क्षमता की जांच (हियरिंग स्क्रीनिंग) नि:शुल्क उपलब्ध है।

## मेरे शिशु की सुनने की क्षमता की जांच करने की आवश्यकता क्यों है?

- प्रत्येक 1000 में से करीब 1-2 शिशुओं में जन्म से ही दोनों कानों में सुनने की क्षमता नहीं होती है। अधिकांश शिशुओं में कोई ज्ञात पारिवारिक इतिहास (फैमिली हिस्ट्री) या खतरे के कारक नहीं होते हैं।

शिशुओं की नवजात शिशु जांच से इस समस्या की शीघ्रता से पहचान और प्रबंधन किया जाना संभव हो जाता है।

- शुरु में ही ईलाज से आपके शिशु के बोली, भाषा और सीखने से संबंधित विकास में सहायता मिलती है।
- शुरु में ही हस्तक्षेप से माता-पिता को जितनी जल्दी संभव हो सके, सहायता और सूचना मिल जाती है।

## यह जांच कैसे की जाती है?

आपके शिशु की सुनने की क्षमता की जांच ऑटोमेटेड ऑडिटरी ब्रेनस्टेम रिस्पॉन्स (एएबीआर) द्वारा की जाएगी। छोटे, हल्के से चिपकने वाले पैड्स का उपयोग करके आपके शिशु के माथे, गर्दन के पीछे और कंधे के पास तीन अलग-अलग लीड सावधानी से लगाए जाते हैं।

आपके शिशु के प्रत्येक कान के ऊपर एक छोटा ईयरफोन 'कप' सावधानी से रखा जाता है। धीमी आवाज़ वाली क्लिकिंग (टिक-टिक) ध्वनियों को बजाया जाता है, और स्क्रीनिंग मशीन आपके शिशु के कानों की प्रतिक्रियाओं को मापती है।

जांच से आपके शिशु को किसी भी तरह से कोई चोट नहीं लगती है।

## जांच कब की जाती है?

- जांच आपके शिशु के जन्म के बाद किसी भी समय की जा सकती है, आम-तौर पर आपके अस्पताल से वापस घर जाने से पहले।
- आपसे पूछा जाएगा (आम-तौर पर प्रसव से पहले) कि क्या आप अपने शिशु की जांच करवाए जाना चाहते हैं।

## यदि मेरे शिशु की सुनने की क्षमता की जांच (हियरिंग स्क्रीन) अस्पताल में होने से रह जाती है, तो क्या होगा?

यदि आपके शिशु की जांच किए जाने से पहले आपको अस्पताल से छुट्टी दे दी जाती है, तो कृपया आउटपेशेंट स्क्रीनिंग अपॉइंटमेंट के लिए उस अस्पताल से संपर्क करें जहाँ उसका जन्म हुआ था। यदि आपके शिशु को एक अस्पताल से किसी दूसरे अस्पताल में ले जाया जाता है, तो अपने नए वार्ड के नर्सिंग कर्मचारियों से चर्चा करें। यह वाकई महत्वपूर्ण है कि आपके शिशु की जांच पूरी हो जाए।

## परिणाम

जांच के तुरंत बाद आपके साथ परिणामों की चर्चा की जाएगी और इन्हें आपके शिशु के चिकित्सीय नोट्स में लिखा जाएगा।

- उत्तीर्ण (पास) परिणाम
  – दर्शाता है कि जांच के समय आपका शिशु एक ऐसे स्तर पर सुनता है जिससे वह बोली और भाषा का सामान्य कौशल विकसित करने में सक्षम होगा।
- रैफर (आगे और जांच की आवश्यकता है) परिणाम
  कुछ शिशुओं में, सुनने की क्षमता न होने की बजाय, किसी अन्य कारण से अनियमित परिणाम आ सकता है, जैसे कि:
  – तरल पदार्थ या अन्य पदार्थ जो जन्म प्रक्रिया के दौरान कान की नलिका में प्रवेश कर गया हो।
  – कान के मध्य वाले भाग में अस्थायी रूप से तरल पदार्थ की समस्या।
  – आपके शिशु का बहुत बेचैन होना।

## आगे की जांच

यदि आपका शिशु अपनी पहली जांच में उत्तीर्ण नहीं होता है, तो आगे की जांच का प्रबंध किया जा सकता है। हो सकता है कि यह अस्पताल से छुट्टी मिलने से पहले पूरी हो जाए। यदि ऐसा संभव नहीं है, तो आपको किसी आउटपेशेंट क्लिनिक में अपॉइंटमेंट देने की पेशकश की जाएगी। इसमें उपस्थित होना वाकई महत्वपूर्ण है।

यदि आगे की जांच के बाद आपके शिशु की सुनने की क्षमता को लेकर कोई चिंता होगी, तो आपको बाल-चिकित्सा ऑडियोलॉजिस्ट के पास भेजा जाएगा। ऑडियोलॉजिस्ट शिशुओं और छोटे बच्चों की सुनने की क्षमता की जांच करने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित होता है।

## सुनने की क्षमता न होने के खतरा कारक

सुनने की क्षमता न होने के कुछ दुर्लभ कारणों का पता सुनने की क्षमता की सामान्य जांच में नहीं लग पाता है। स्वास्थ्य संबंधी कुछ स्थितियों के कारण, हो सकता है कि शिशु की सुनने की शक्ति जन्म के समय सामान्य हो परन्तु धीरे-धीरे बिगड़ जाए।

नीचे सूचीबद्ध किन्हीं खतरा कारकों से ग्रस्त बच्चों की जांच ऑडियोलॉजिस्ट द्वारा की जानी चाहिए।

- जन्म या प्रारम्भिक बचपन से सुनने की क्षमता के स्थायी रूप से समाप्त हो जाने का सुदृढ़ पारिवारिक इतिहास।
- गर्भ में या जन्म के समय हो सकने वाले, टोक्सोप्लाज्मोसिस, रूबेला, साइटोमेगालोवायरस, हर्पीस या सिफलिस जैसे संक्रमण के संपर्क में आना।
- सुनने की क्षमता खो जाने से जुड़े सिंड्रोम्स, जैसे कि डाउन सिंड्रोम।

यदि आपके शिशु में उपरोक्त खतरा कारकों में से कोई कारक है, तो कृपया उस व्यक्ति को सूचित करें जो सुनने की क्षमता की जांच (हियरिंग स्क्रीन) कर रहा है।